समृद्धि हेतु सुरक्षा

हिल (इंडिया) लिमिटेड

''पूर्व में हिन्दुस्तान इन्सेक्टिसाइड्स लिमिटेड''

में

राजभाषा कार्यान्वियन से संबंधित उल्लेखनीय कार्यों का विवरण

राजभाषा कार्यान्वयन

प्रस्तावना :

14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। तत्पश्चात् संविधान में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा के संबंध में व्यवस्था की गई। धारा 343 (1) के अनुसार भारत संघ की राजभाषा हिन्दी एवं लिपि देवनागरी है।राजभाषा के बारे में संवैधानिक विधिक प्रावधानों के अनुपालन तथा संघ के कार्यालयीन प्रयोजनों हेतु हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1975 में गृह मंत्रालय के एक स्वतंत्र विभाग के रूप में राजभाषा विभाग की स्थापना हुई।

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के अनुपालन के अनुवीक्षण के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबंधित मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हिन्दी सलाहकार समिति, संसदीय राजभाषा समिति और केन्द्रीय हिन्दी समिति गठित है।

-: राजभाषा कार्यान्वयन समिति :-

संगठन में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को सफलतापूर्वक लागू करवाना सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकों का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है, जिसके सभी विभागाध्यक्ष सदस्य हैं , बैठक में प्रत्येक विभाग में होने वाले हिन्दी के कार्यों की समीक्षा की जाती है और समीक्षा के पश्चात् हिन्दी की कार्यान्वयन को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया जाता है। निगमित कार्यालय के साथ-साथ अधीनस्थ यूनिटों में भी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है तथा वहां पर बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रमुख द्वारा की जाती है।

<u>दायित्व</u>

- संस्थान के सभी कार्मिकों को राजभाषा विभाग द्वारा जारी नियमों, अधिनियमों तथा राजभाषा नीति संबंधी जानकारी प्रदान करना।

- सभी कार्मिकों का हिन्दी के ज्ञान से संबंधित रोस्टर तैयार करना तथा रोस्टर के अनुसार राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार कार्मिकों को हिन्दी, हिन्दी -आशुलिपि एवं कंप्यूटर पर हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण दिलवाना।

- राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार पत्राचार तथा टिप्पण हिन्दी में करने के लिए कार्मिकों को कार्यशाला के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करवाना तथा स्वयं राजभाषा अनुभाग द्वारा व्यक्तिगत रूप से तथा इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा कंप्यूटर पर यूनिकोड में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना।

- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का नियमित रूप से आयोजन करना तथा बैठक में निगमित कार्यालय के साथ-साथ अधीनस्थ यूनिटों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट समिति के समक्ष समीक्षा हेतु प्रस्तुत करना तथा उसके पश्चात् बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ अन्य समितियों की बैठकों में लिए गए निर्णयों का अनुपालन भी सुनिश्चित करना।

- कार्यालय का काम-काज हिन्दी में करने के लिए कार्मिकों की सहायता हेतु कार्यालय में उपयोग होने वाले शब्दों को समेकित करके राजभाषा सहायिका तैयार करना ।

- निगमित कार्यालय के विभागों के साथ-साथ अधीनस्थ यूनिटों का राजभाषा हिन्दी की प्रगति संबंधी निरीक्षण करना ।

- प्रशासनिक मंत्रालय रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय/ विभागों द्वारा अपेक्षित तिमाही/छ:माही एवं वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना ।

- कार्मिकों की हिन्दी के प्रति रूचि बढ़ाने एवं कार्यालय में हिन्दीमय वातावरण बनाने के लिए निगमित कार्यालय एवं सभी यूनिटो में प्रतिवर्ष सितम्बर माह में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन करना तथा पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना ।

- राजभाषा नियम/अधिनियमों के अनुसार कार्यालय में प्रयोग होने वाले दस्तावेज़ों का द्विभाषीकरण ।

- कार्मिकों की हिन्दी लेखन की प्रतिभा को उजागर करने, हिन्दी के प्रति रुचि वर्धन करने के लिए तथा कंपनी के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छ:माही आधार पर गृह पत्रिका रक्षक का प्रकाशन ।

- कार्मिकों की हिन्दी प्रति रूचि उत्पन्न करने के लिए हिन्दी पुस्तकों की खरीद ।

-: संस्थान को राजभाषा के क्षेत्र में प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मान:-

- संगठन अन्य गतिविधियों के साथ राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके परिणामस्वरूप संगठन को वर्ष 2017-18 के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार तथा 2018-19 के लिए तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है ।

- रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग से गत कई वर्षों से लगातार राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजभाषा शील्ड (प्रथम पुरस्कार) प्रदान की जा रही हैं ।

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), दिल्ली से हिन्दी के श्रेष्ठ प्रदर्शन तथा पत्रिका के लिए गत कई वर्षों से लगातर राजभाषा शील्ड प्रदान की गई ।

- कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक महोदय को विश्व हिन्दी परिषद द्वारा आयोजित हिन्दी दिवस समारोह एवं कवि सम्मेलन के अवसर पर गौरव सम्मान प्रदान किया गया ।

अधीनस्थ यूनिटों को पुरस्कार एवं सम्मान

संगठन के निगमित कार्यालय के साथ-साथ अधीनस्थ यूनिट जो कि 'ख' और 'ग' क्षेत्र में स्थित है में भी राजभाषा हिन्दी का कार्यान्वयन बेहतर तरीके से किया जा रहा है । उद्योगमंडल यूनिट को नराकास, कोच्चि से लगातार गत कई वर्षों से पुरस्कार प्राप्त हो रहे हैं । यूनिटों के कार्मिकों को अखिल भारतीय स्तर पर केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में नकद पुरस्कार एवं राजभाषा शील्ड लगातार कई वर्षों से प्राप्त हो रहे हैं ।